# गाँधी भवन

दिल्ली विश्वविद्यालय

**गाँधी-शास्त्री जयंती महोत्सव**

**२ अक्टूबर २०१७**

# रिपोर्ट

दिल्ली विश्वविद्यालय के गाँधी भवन में २ अक्टूबर २०१७ को गाँधी - शास्त्री जयंती का समारोह आयोजित किया गया। माननीय कुलपति प्रो. योगेश त्यागी ने हर्बल गार्डन में 'अर्जुन' का पौधा लगाकर उद्घाटन किया फिर ज्योत प्रज्वलित करके सभी आदरणीय अतिथियों ने बापू गाँधी तथा शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की। गाँधी भवन के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रो. मदन मोहन चतुर्वेदी एवं निदेशिका प्रो. अनीता शर्मा के स्वागत वक्तव्य के पश्चात् सर्व धर्म प्रार्थना की गयी जिसमें सब आनंदमग्न हो गए। सर्व-धर्म प्रार्थना के बाद शांति सन्देश माननीय कुलपति ने दिया| कुलपति महोदय का शांति सन्देश बहुत ही प्रेरणादायक था उन्होंने बहुत विस्तार से गाँधी जी एवं शास्त्री जी के विषय में अपने विचार प्रकट किए।

माननीय कुलपति प्रो. योगेश त्यागी ने अपने शांति सन्देश में कहा कि २ अक्टूबर केवल दो महापुरषों का जन्मदिन मानाने का अवसर ही नहीं है अपितु इस देश और इस सभ्यता की अविस्मरणीय सम्पदा को सुशोभित करने का एक अवसर भी है| भारत माँ जो हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई, जैन धर्म वालों से प्रेम करती है, वो उनसे भी प्रेम करती है जो बाहर से आकर यहाँ बस गए हैं और वो हैं पारसी भाई| ये इस सभ्यता का सबसे सुन्दर रूप है| भारत की सभ्यता एक ऐसी सभ्यता है जिसको हम याद नहीं करते और जब हम याद करते हैं तो हम पाते हैं की हम बहुत संपन्न हैं| अपने भाषण में माननीय कुलपति ने भारतीय संस्कृति की ओर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अगर परिवर्तन हिंसा के द्वारा प्राप्त होता है तो प्रतिक्रांति होना स्वाभाविक है| उन्होंने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण विषयों परभी बात की। उन्होंने कहा कि २ अक्टूबर केवल बापू गाँधी और शास्त्री जी को याद करने के साथ-साथ हमें यह दिन एक प्रेरणा स्वरुप भी मानना चाहिए जो की हमें उन्होंने दी| अंत में उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए अपनी वाणी को विराम दिया|

उनके भाषण के पश्चात् संगीत संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं नें देशभक्ति तथा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसका सबने आनंद लिया। रामधुन में सभी उपस्थित अतिथियों ने साथ दिया। पूरा गाँधी भवन करतल ध्वनि से बहुत समय तक गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण हुआ।








iWorld




गाँधी भवन
दिल्ली विश्वविद्यालय
गाँधी-शास्त्री जयंती समारोह
२ अक्टूबर २०१७




गाँधी भवन
दिल्ली विश्वविद्यालय
गाँधी-शास्त्री जयंती समारोह
२ अक्टूबर २०१७




गाँधी भवन
दिल्ली विश्वविद्यालय
गाँधी-शास्त्री जयंती समारोह
२ अक्टूबर २०१७


गाँधी भवन
दिल्ली विश्वविद्यालय
गाँधी-शास्त्री जयंती समारोह
२ अक्टूबर २०१७


गाँधी भवन
दिल्ली विश्वविद्यालय
गाँधी-शास्त्री जयंती समारोह
२ अक्टूबर २०१७
SONA


गाँधी
दिल्ली




गाँधी भवन
दिल्ली विश्वविद्यालय
जयंती समारोह


गाँधी भवन
जयंती समारोह
HOLLISTER
CALIFORNIA
GANDHI BHAWAN
GANDHI BHAWAN




**प्रो. अनीता शर्मा**

निदेशिका, गाँधी भवन